राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ- २२७१३२

संख्या: ई.स. 1683 /जी.एस.
दिनांक 8/8 जुलाई २००५

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलसचिव,
उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,
इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलोजी परिसर,
सीतापुर रोड,
लखनऊ।

महोदय,

आपके पत्र संख्या: उ०प्र०प्रा०वि०/कुस०का०/२००५/७३३१-९२ दिनांक २९-०६-२००५ के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय ने उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय अधिनियम-२००० की धारा-२३(२) के अधीन कमला नेहरू इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलोजी, सुल्तानपुर को बी० फार्मा० पाठ्यक्रम में ६० सीटों की प्रवेश क्षमता हेतु स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत निम्नलिखित शर्तो के अधीन ०१-०७-२००५ से सत्र २००५-०६ हेतु सम्बद्धता की स्वीकृति सहर्ष प्रदान कर दी है:-

१- संस्था दिनांक ०१-०७-२००५ से आगामी तीन माह की अवधि के अन्दर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं निरीक्षण मण्डल/शासन द्वारा दर्शित कमियों को अनिवार्यतः पूर्ण कर लेगी अन्यथा सम्बद्धता सम्बन्धी विशेषाधिकार को कम करने अथवा समाप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

२- संस्था अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सम्बद्धता की शर्तो को पूरा करती रहेगी तथा संस्थान संचालन के लिए विश्वविद्यालय की सम्बद्धता के साथ-साथ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का अनुमोदन भी संस्था/पाठ्यक्रम संचालन हेतु वर्षानुवर्ष प्राप्त होता रहे। ए०आई०सी०टी०ई० का संस्था पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनुमोदन प्राप्त न होने की दशा में सम्बद्धता स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

३- संस्था प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या-२०७३/२००३-१६-१-७८/९१ टी.सी.-१ दिनांक २०-०६-२००३ में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं समय-समय पर इस विषय में निर्गत शासनादेशों का पालन करेगी।

४- संस्था विश्वविद्यालय की परिनियमावली में उल्लिखित सम्बद्धता से संबंधित परिनियमों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करेगी।

भवदीय,

(हरी चरन प्रकाश)
कुलाधिपति के विशेष सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

१- प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।
२- निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर।
३- निदेशक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, इन्दिरागाँधी खेल परिसर, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली।
४- निदेशक, कमला नेहरू इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलोजी, सुल्तानपुर ।

(हरी चरन प्रकाश)
कुलाधिपति के विशेष सचिव